# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0................../2023

**औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के बकाया परीक्षा शुल्क जमा करने एवं डमी प्रवेश पत्र निर्गत करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समिति की विज्ञप्ति संख्या पी0आर0–27/2023 दिनांक 24.01.2023 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक स्तरीय भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक तथा संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश–पत्र समिति की बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक **06.02.2023** से **13.02.2023** तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा। संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान उक्त परीक्षा का डमी प्रवेश–पत्र दिनांक **06.02.2023** से **13.02.2023** तक डाउनलोड कर संबंधित अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि, IT। पंजीयन संख्या एवं फोटो आदि) हो तो छात्र/छात्रा/अभिभावक त्रुटि सुधार कर अपने संस्थान के प्रधान को उपलब्ध करायेंगे। तद्नुसार संस्थान के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक **06.02.2023** से **13.02.2023** तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र त्रुटि पूर्ण/अधूरा भरा गया है तथा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों की सूची समिति के बेवसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर उपलब्ध है। वैसे अभ्यर्थी दिनांक **06.02.2023** से **13.02.2023** तक अपना त्रुटिपूर्ण/अधूरा आवेदन–पत्र संस्थान के माध्यम से सुधार सकते हैं तथा परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन–पत्र पूर्ण तथा परीक्षा शुल्क की राशि जमा करने के पश्चात ऐसे अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश पत्र समिति के बेवसाईट पर लोड किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया जाएगा, उनका डमी प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा, जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

4. **निर्धारित अवधि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले/अपूर्ण परीक्षा आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

5. **उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर नहीं दिया जायेगा।**

**परीक्षा नियंत्रक, (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**ज्ञापांक** : के0वि0.–41..../2023 पटना, दिनांक : 04/02/2023